प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 24.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रदेश में पड रही प्रचंड गर्मी और तेज लू से जनजीवन बुरी तरह बेहाल है। दिन के साथ रात में भी लू जैसे हालात बने हुए है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में बाडमेर 48 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस के साथ देश का सबसे ज्यादा गर्म स्थान रहा। झुलसाने वाली गर्मी के कारण वहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, चूरू, जालोर और सीकर के फतेहपुर में पारा 47 डिग्री के पार चला गया। अन्य स्थानों पर भी दिन का तापमान 43 से 47 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। भीषण गर्मी और लू के चलते प्रदेश में पिछले 24 घंटों में सात लोगों की मृत्यु हो गई। इस बीच लोग तेज गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपाय कर रहे है। श्रीगंगानगर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां घरों में सत्तू और राबड़ी जैसे ठण्डे खाद्य पदार्थो का सेवन किया जा रहा है। राज्य के कई स्थानों पर सड़कों पर नगर परिषद की ओर से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। जैसलमेर के देगराय ओरण क्षेत्र में एक निजी संस्थान द्वारा पानी का बडा कुंड बनाया गया है। इस कुंड से वन्य जीवों को पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

इस बीच महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यो के समय में परिवर्तन किया गया है। अब मजदूर सुबह साढे पांच बजे से दोपहर साढे बारह बजे तक ही काम करेंगे। ये व्यवस्था 15 जुलाई तक प्रभावी रहेगी।

इसी के साथ नगरीय निकायों की सफाईकर्मियों की ड्यूटी के समय में भी बदलाव किया गया है। अब सुबह पांच बजे से दस बजे तक ही सफाई कार्य किया जायेगा।

मौसम विभाग के अनुसार भीषण गर्मी और लू का दौर आगामी दिनों में भी बना रहेगा। जयपुर और भरतपुर संभाग में आज कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

इस बीच आज जयपुर में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने मौसमी बीमारियों के साथ ही गर्मी जनित बीमारियों तथा इस संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

....

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए कल मतदान होगा। इस चरण में 6 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों के लिए वोट डाले जायेंगे। इनमें बिहार की आठ, हरियाणा की दस, जम्मू–कश्मीर की एक, झारखण्ड की चार, दिल्ली की सात, ओडिशा की छह, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की आठ सीट शामिल हैं। इस चरण में कुल आठ सौ 89 उम्मीदवार मैदान में हैं।

....

राज्य में 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सबसे पहले पोस्टल बैलेट की माध्यम से डाले गए मतों की गिनती की जाएगी।

इसके बाद ईवीएम के वोटों की गिनती होगी। मतगणना के लिए 29 केंद्र बनाये गये हैं। जोधपुर, नागौर, करौली–धौलपुर और श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र में दो–दो मतगणना केंद्र बनाये गये है। मतगणना 4 हजार 33 राउंड में पूरी होगी। निर्वाचन आयोग की ओर से कुल 56 मतगणना पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। मतगणना के दिन सूखा दिवस घोषित किया गया है।

....

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कल से शुरू हुई वन्य जीव गणना आज सम्पन्न हो गई है। डूंगरपुर जिले में 6 वन क्षेत्रों में 38 वाटर हॉल पर 124 वनकर्मियों ने वन्य जीवों की गणना की। जयपुर में झालाना, आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व और नाहरगढ़ अभ्यारण्य क्षेत्र में भी गणना की गई। जयपुर में करीब 34 वाटर पॉइंट पर वन्यजीव गणना हुई। दौसा जिले में वन विभाग की 30 से अधिक टीमें गणना में जुटी। गणना के लिए सीकर में 88, भीलवाडा में 49, जैसलमेर में 44 और डूंगरपुर में 38 वॉटर हॉल बनाये गये। भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में भी वन्य जीव गणना की गई।

....

आईपीएल क्रिकेट के दूसरे क्वालीफायर मैच में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। ये मैच चेन्नई के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जायेगा।